आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 19.05.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल भारत की रक्षा प्रणाली की ताकत को प्रदर्शित किया, बल्कि आतंकवाद के लिए सुरक्षित पनाहगाह के रूप में पाकिस्तान का पर्दाफाश भी किया।

2. वर्ष– 2025–2026 के लिए सामान्य पूल के अंतर्गत सरकारी आवास के आबंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित।

3. द्वीपों में अब तक चौदह हजार से अधिक लोगों ने पेंशन योजना के तहत नामांकन कराया।

4. द्वीपों के उपराज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी खेलो इंडिया बीच गेम्स– 2025 के लिए दीव की यात्रा पर है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लडाई में ऑपरेशन सिंदूर ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक इच्छा शक्ति, भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस और भारतीय खुफिया एजेंसियों की प्रामाणिक जानकारी का प्रमाण है। अहमदाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उदघाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल भारत की रक्षा प्रणाली की ताकत प्रदर्शित की है, बल्कि आतंकवाद के लिए सुरक्षित पनाहगाह के रूप में पाकिस्तान का पर्दाफाश भी किया है। सीमा पार से आतंकवाद के प्रति भारत के सख्त दृष्टिकोण को दोहराते हुए गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री के इस संकल्प पर जोर दिया कि आतंक और व्यापार साथ–साथ नहीं चल सकते।

<><><><><><><>

आवास एवं संपदा विभाग ने प्रशासन के सचिवालय द्वारा सत्र–2025–26 के लिए सामान्य पुल के अंतर्गत सरकारी आवास के आबंटन के लिए प्रशासन के विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आज से अट्ठारह जून शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। जिन सरकारी कर्मचारियों ने वर्ष– 2024–25 में आवेदन किए थे, वे भी अब नए सीरे से आवेदन कर सकते है। सरकारी कर्मचारी जिनकी नियुक्ति अभी हाल ही में हुई है अथवा जो बाहरी क्षेत्रों से स्थानांतरण पर आए हैं, वे भी ऑनलाइन आवेदन करने के पात्र होंगे।

<><><><><><><>

अटल पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक पेंशन योजना है। इस योजना के अनुसार लोग साठ वर्ष की आयु तक अपने खाते में अंशदान कर सकते हैं और मासिक पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। श्री विजयपुरम स्थित लीड बैंक द्वारा दिए गए आंकडों के अनुसार द्वीपसमूह के सभी बैंकों में तीस अप्रैल – 2025 तक सामाजिक सुरक्षा योजना ''अटल पेंशन योजना'' के तहत कुल चौदह हज़ार उन्यासी लोगों को नामांकित किया गया हैं। इस योजना में शामिल होने की न्यूनतम आयु अट्ठारह वर्ष और अधिकतम आयु चालीस वर्ष हैं।

<><><><><><><>

प्रशासन के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार, सीपीघाट ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में तिमाही मॉकड्रिल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वयं सेवकों, ग्राम पंचायत कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधान, जिला परिषद सदस्य, सरपंच, पूर्व जिला परिषद सदस्य और संबंधित ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा तैयारियों को बढ़ाना और आपदाओं के दौरान सामुदायिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करना था। तकनीकी सत्र के दौरान, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने खोज और बचाव और मेडिकल फर्स्ट रिस्पॉन्डर तकनीकों सहित बुनियादी जीवन–रक्षक प्रशिक्षण दिया गया।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी खेलो इंडिया बीच गेम्स– 2025 के लिए दीव की यात्रा पर है। केंद्रशासित प्रदेश दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव के प्रशासक प्रफुल्ल कोडाभाई पटेल ने उपराज्यपाल का दीव हवाई अड्डे में स्वागत किया। इस अवसर पर माननीय उपराज्यपाल को दादर और यू टी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एक औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में लैब टैक्नीशियन, सिविल, मैकेनिकल और ई सी ई के पद के लिए कम्प्युटर आधारित परीक्षा के आंसर–की कल शाम ई–भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। दावे और आपत्तियां आज सुबह आठ बजे तक ई–मेल के माध्यम से भेजे जा सकते है।

<><><><><><><>

यातायात पुलिस की ओर से चालान की प्रक्रिया में बदलाव लाया गया है। अब पारंपरिक मैनुअल प्रणाली की जगह ई–चालान प्रणाली के इस्तेमाल से यातायात कानून प्रवर्तन में एक महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ने ट्रैफ़िक उल्लंघनों से निपटने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित की है, जिससे आम जनता को इसका लाभ मिल रहा है। लोगों को अब चालान विवरण के साथ एस एम एस अलर्ट प्राप्त होते हैं और वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके आसानी से ऑनलाइन जुर्माना भर सकते हैं। लोगों को नकद में चालान का भुगतान करने से बचने और पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल भुगतान विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा, पुलिस ने पुराने बुकलेट–फ़ॉर्मेट ड्राइविंग लाइसेंस के सभी धारकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम परिवहन कार्यालय में जाकर जल्द से जल्द स्मार्ट कार्ड प्रारूप में अपग्रेड करने की सलाह भी दी है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के इक्कतीस महिला प्रशिक्षुओं के लिए बारह दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन समारोह में खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा और यू टी एल बी सी के मुख्य प्रबंधक पी के उमर फारूक, और लीड बैंक के मुख्य प्रबंधक रवि शंकर उपस्थित थे। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा ने प्रशिक्षुओं को फास्ट फूड पर जानकारी हासिल करने पर उनकी सराहना की।

यू टी एल बी सी के मुख्य प्रबंधक पी के उमर फारूक ने प्रशिक्षुओं को सिखाए गए कौशल का सही उपयोग करने की सलाह दी साथ ही प्रशिक्षुओं को उद्यम शुरू करने के लिए बैंक द्वारा अपेक्षित् ऋण देने का भी आश्वासन दिया। लीड बैंक के मुख्य प्रबंधक रवि शंकर ने कौशल सीखने के लिए प्रशिक्षुओं की सराहना की। समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

कैम्पबेल–बे में पहली बार आदिवासी हाट का आयोजन करने के समाचार को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया हैं। डेली टेलीग्राम्स ने शिक्षा विभाग द्वारा सातवां राष्ट्र स्तरीय फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन करने के समाचार को अंतिम पन्ने में जगह दी हैं। गर्ल्स स्कूल में बच्चों के लिए समर हॉबी क्लासेस का उद्घाघन करने के समाचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया हैं। द इको ऑफ इंडिया सरकारी आवास के लिए आवेदन आमंत्रित करने के समाचार को भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है। द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने टैगोर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया हैं।

<><><><><><><>